आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 10.06.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला। पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की।
- चमोली की बदरीनाथ और हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को उपचुनाव, मतगणना 13 जुलाई को।
- राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को पढाई के साथ कमाई के साधन उपलबध कराने के लिए राज्य सरकार जल्द *सीएम लीप अर्न वाइल यू लर्न* योजना शुरू करेगी।
- गढ़वाल क्षेत्र के मैदानी हिस्सों में कल से भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना।

किसान सम्मान निधि

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री नरेंद्र मोदी ने आज तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद भार संभालते ही किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की है। ये किस्त नौ करोड 30 लाख किसानों को लगभग बीस हजार करोड रुपये का लाभ पहुंचाएगी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का पहला निर्णय, किसानों के कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में उनकी सरकार, कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए और प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

पीएम–किसान योजना की शुरुआत 2019 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य, देश भर के सभी भूमिधारक किसान परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत सभी पात्र किसान परिवारों को, प्रति वर्ष छह हजार रुपये का वित्तीय लाभ प्रदान किया जाता है। यह राशि किसानों को दो–दो हजार रुपये की तीन किश्तों में दी जाती है। पीएम किसान योजना के तहत, शत–प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा, सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। इस योजना से अब तक 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को लाभ हुआ है और उनके बैंक खातों में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशी भेजी जा चुकी हैं।

आह्वान

इससे पहले, कल श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में क्षेत्र की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा। श्री मोदी ने क्षेत्र में लोगों के बीच प्रगाढ संबंध और संपर्क बढाने का आह्वान किया। उन्होंने कल रात राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं से भेंट के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री ने इन नेताओं को धन्यवाद देते हुए पड़ोसी प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि भारत, अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में अर्द्ध विकसित और विकासशील देशों की आवाज बुलंद करना जारी रखेगा। समारोह में मॉलदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल श्प्रचंडश और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ शामिल हुए।

उपचुनाव

चुनाव आयोग ने सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी है। इसमें दो सीट उत्तराखण्ड से हैं। प्रदेश में चमोली जिले की बदरीनाथ सीट और हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा सीट पर 10 जुलाई को उपचुनाव होंगे। उपचुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी होगी, 21 जून तक नामांकन पत्र दाखिल किये जांएगे और 26 जून तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 10 जुलाई को मतदान होगा और 13 जुलाई को मतगणना होगी और इसी दिन परिणाम घोषित किए जांएगे। प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन को देखते हुए चमोली और हरिद्वार जिले में आज से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है, जो 15 जुलाई तक रहेगी। गौरतलब है कि दिवंगत विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद से मंगलौर विधानसभा सीट खाली है, जबकि बदरीनाथ विधानसभा सीट से राजेंद्र सिंह भण्डारी ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। विधानसभा उप निर्वाचन के लिए बद्रीनाथ विधान सभा

सीट में 210 पोलिंग बूथ बनाए जायेंगे। बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर एक लाख दो हजार 145 मतदाता और 2 हजार 566 सर्विस मतदाता है। मंगलौर विधानसभा सीट पर 132 पोलिंग बूथ बनाये जायेंगे। इस सीट पर एक लाख 19 हजार 930 मतदाता और 255 सर्विस मतदाता हैं।

पत्रकार वार्ता

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा है कि राज्य की दो विधानसभाओं में उप चुनाव के लिए कांग्रेस ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं, अब इसमें तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता उपचुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चमोली जिले के गोपेश्वर में पत्रकारों के साथ बातचीत में श्री माहरा ने कहा कि इस उप चुनाव को कांग्रेस राष्ट्रीय मुद्दों के साथ ही स्थानीय मुद्दे पर लड़ेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए बूथ स्तर तक प्रदेश स्तर के पांच लोगों को प्रभारी बनाया जाएगा।

सीएम लीप अर्न वाइल यू लर्न

प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र अब शिक्षा ग्रहण करने के साथ कमाई भी कर सकेंगे। इसके लिये सरकार ने *सीएम लीप अर्न वाइल यू लर्न* योजना को मंजूरी दे दी है। राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में जल्द ही इस योजना को लागू किया जायेगा। उच्च शिक्षा मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत ने बताया कि इस योजना के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर और अनुसंधान स्तर पर चयनित मेधावी विद्यार्थियों को अधिकतम छह हजार रुपए मासिक पारिश्रमिक दिया जायेगा। डॉक्टर रावत ने कहा कि जल्द ही शासन स्तर से इस योजना के संबंध में शासनादेश जारी कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि सीखो और कमाओ आधारित इस महत्वपूर्ण योजना के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर और अनुसंधान स्तर के पात्र छात्र–छात्राओं को संस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में काम सौंपे जायेंगे, जिसमें प्रमुख रूप से पुस्तकालय संचालन सहायता, प्रयोगशालाओं में उपकरण संचालन, रखरखाव और प्रायोगिक सत्रों के लिये प्रयोगशाला सहायता संबंधी कार्य शामिल हैं। *सीएम लीप अर्न वाइल यू लर्न* योजना के लिये स्नातक द्वितीय वर्ष या तीसरे और चौथे सेमेस्टर से लेकर स्नातकोत्तर के विद्यार्थी और शोधार्थी पात्र होंगे। योजना के लिये छात्र–छात्राओं का चयन उनके समग्र शैक्षिणिक स्कोर के आधार पर किया जायेगा। इसके लिये इच्छुक छात्रों को संबंधित संस्थान में पूर्णकालिक नियमित संस्थागत छात्र होना अनिवार्य होगा।

बैठक

प्रदेश के सभी जिलों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल को स्वचलित नम्बर प्लेट पहचान कैमरों और लाल बत्ती उल्लंघन जांच प्रणाली से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान किया जाएगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज देहरादून में राज्य सड़क सुरक्षा कोष प्रबन्ध समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं के बाद किए गए सुधारात्मक कदमों की जानकारी मांगी। श्रीमती रतूड़ी ने सड़क दुर्घटनों में कमी लाने के लिए दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठने वालों के लिए हेलमेट पहनने और बड़े वाहनों में सभी के लिए सीट बेल्ट के नियम को सख्ती से लागू करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में सप्ताह में एक दिन बच्चों को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक करने के निर्देश भी दिए। सडक दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने पर जोर देते हुए मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग को वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए सडक दुर्घटना के लिए विभिन्न सुरक्षात्मक कार्यों के लिए वित्तीय और सैद्धान्तिक स्वीकृति भी दी।

मौसम

मौसम विभाग ने कल से गढ़वाल क्षेत्र के मैदानी हिस्सों में लू चलने की संभावना जताई है। साथ ही विभाग की ओर से तेरह और चौदह जून को राज्य के कुछ हिस्सों में अत्यधिक गर्मी का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। राज्य में पिछले दो दिनों से तापमान में बढोतरी दर्ज की जा रही है। आज भी प्रदेश के मैदानी हिस्सों में तेज धूप खिली रही, जिससे अत्यधिक गर्मी का अहसास हो रहा है। पिछले चौबीस घण्टों में राज्य में सबसे अधिक तापमान खटीमा में 41 दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय कार्यशाला

अल्मोड़ा जिले में विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान और कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, लुधियाना के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य उत्तरी भारत जोन –एक में शामिल उत्तराखंड, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल और लद्दाख के कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा एक वर्ष में किसानों के लिए किए गए कार्यों और उनमें और बेहतर प्रयासों की जरूरत पर मंथन किया जाएगा। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि को पहुंच रही क्षति और उसकी रोकथाम को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग से आज प्रसारित होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक का विषय है स्थायी भविष्य के लिए अपशिष्ट प्रबंधन। इस विषय पर चर्चा के लिए हमारे स्टुडियो में उपस्थित रहेंगे। सर्कुलर इकोनॉमी विशेषज्ञ डॉ. सुनील पांडे और अपशिष्ट प्रबंधन विशेषज्ञ स्वाति सिंह संब्याल। यह कार्यक्रम एफ एम गोल्ड चैनल और अतिरिक्त मीटरों पर रात साढे नौ बजे से सुना जा सकेगा। श्रोता टेलीफोन नंबर 011 – 2 3 4 2 1 0 5 0 और 011 – 2 3 3 1 4 4 4 4 पर हमारे विशेषज्ञों से सवाल पूछ सकते हैं।